# द बिशप्स को-एड स्कूल, उँड्री

## स्वतंत्रता दिवस की ७७वीं वर्षगाँठ का अमृत महोत्सव (२०२३)

## विवरण

भूल न जाना भारत माँ के सपूतों का बलिदान,
इस दिन के लिए जो हुए थे हँसकर कुर्बान ।
आज़ादी की खुशियाँ मनाकर लो ये शपथ,
बनाएँगे भारत देश को और भी महान ॥

१५ अगस्त भारत देश के गर्व और सौभाग्य का दिवस है। यह पर्व हमारे ह्रदय में नवीन स्फूर्ति, नवीन आशा, उत्साह तथा देश-भक्ति की भावना का संचार करता है। स्वतंत्रता दिवस हमें इस बात की याद दिलाता है कि हमने कितनी कुर्बानियाँ देकर यह आज़ादी प्राप्त की है, जिसकी रक्षा हमें हर कीमत पर करनी होगी। इस प्रकार हम स्वतंत्रता दिवस के पर्व को पूर्ण उत्साह के साथ मनाकर राष्ट्र की स्वतंत्रता और सार्वभौमिकता की रक्षा का प्रण लेते हैं।

हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हमारे विद्यालय ने स्वतंत्रता दिवस का अमृत महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय के परिसर को झंडों और फूलों के साथ खूबसूरती से सजाया गया था। मराठी विभाग के शिक्षिकाओं की रंगोली की भव्यता देखते बन रही थी। सुबह के आठ बजे सभी शिक्षक गण और विद्यार्थी विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हो चुके थे।

कार्यक्रम की शुरुआत  मुख्य अतिथि श्रीमती गौरी देवस्थले के आगमन से हुआ। उन्होंने स्काउट्स एन्ड गाइड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि का परिचय एवं अभिनंदन कुमारी साक्षी बजाज के द्वारा किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक श्रीमान रसल जी द्वारा बाइबल वाचन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान लूक जी ने ईश्वर की प्रार्थना की। स्कूल प्रार्थना जूनियर स्कूल की मुख्याध्यापिका श्रीमती फ़र्नांडिस ने की तथा विशेष प्रार्थना वाचन हमारे विद्यालय की  प्रतिनिधि जिसेल सोरेस के द्वारा किया गया।

"WHERE THE MIND IS WITHOUT FEAR" का वाचन विद्यालय के प्रतिनिधि छात्र कृश शाह के द्वारा किया गया।

तदोपरांत हमारे मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य श्रीमान लूक जी के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सम्मानपूर्वक तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया गया और आकाश में गुब्बारे छोड़े गए।

इस तरह चारों ओर हर्षोल्लास का माहौल था। सभी जनसमूह का ह्रदय देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत था एवं देश प्रेम में सराबोर था। जूनियर कॉलेज की समन्वयिका श्रीमती डॉ. बेग ने देश के प्रति प्रतिज्ञा ली। कक्षा दशवीं के छात्र रुद्रांश जाधव ने स्वतंत्रता दिवस पर हिंदी भाषा में प्रभावशाली भाषण दिया। इसके पश्चात जूनियर कॉलेज के छात्र उमर ख़ान ने अंग्रेज़ी भाषा में स्वतंत्रता दिवस पर भाषण दिया।

तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा "सलाम इंडिया" गीत प्रस्तुत किया गया, साथ ही साथ सीनियर स्कूल की छात्रा अवनि भट्टड ने हिंदी भाषा में तथा जूनियर कॉलेज की छात्रा दीथी गाँधी ने अंग्रेजी भाषा में देशभक्ति पर ओजस्वी काव्य वाचन किया। तत्पश्चात हमारे मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने बताया कि १५ अगस्त को हम  स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं तथा वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज़ादी के बाद हमें अपने देश, अपनी मातृभूमि में सभी मौलिक अधिकार प्राप्त हुए। हर किसी को भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए और स्वतंत्र भारत में जन्म लेने के अपने सौभाग्य का जश्न मनाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में हाई स्कूल के छात्रों ने अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीत प्रस्तुत की। गीत के बोल थे "छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी"। इस गीत ने सबके अंदर देश प्रेम की भावना जागृत करने के साथ-साथ उत्साह और उमंग भर दिया। हर कोई अपने प्यारे देश का नागरिक होने का गर्व महसूस कर रहा था। इसी गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

अंत में अपनी तरफ से मैं यही कहना चाहूँगी कि जब हम अपनी आज़ादी का जश्न मनाते हैं तो हमें उन कठिनाइयों के बारे में भी जागरूक रहना चाहिए जो अभी भी सामने हैं। हमें सामाजिक असमानताओं, गरीबी और अशिक्षा को समाप्त करने के लिए काम करना चाहिए। ऐसे में हम सबको इस ७७वें आज़ादी के दिवस प्रण लेना चाहिए कि हम सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार और देश में शांति को खतरे में डालने वाली अन्य ताकतों से लड़ने के लिए एकजुट रहेंगे। भारत के भविष्य के प्रति अपने दायित्वों को भी ध्यान में रखेंगे।



अन्नपूर्णा पाठक



मुख्यअतिथि का आगमन




Day
INDIA
BISHOP'S CO-ED
UNDRI




Happy Indep ndence Day
THE BISHOPS' CO-ED SCHOOL
UNDRI
HOUSE CAPTAIN
HEAD GIRL
HEAD BOY
SPORTS CAPTAIN BOY
SPORTS CAPTAIN GIRL



**सलाम इंडिया गीत**



विद्यालय के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत




स्काउट्स एन्ड गाइड विभाग